nwda.gov.in

जल जीवन मिशन की समीक्षा के साथ सीआर पाटिल ने संभाला कामकाज



नई दिल्ली में मंगलवार को केंद्रीय जलशक्ति मंत्री के रूप में सीआर पाटिल ने पदभार संभाल लिया ● प्रेट्र

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: नए जलशक्ति मंत्री चंद्रकांत रघुनाथ पाटिल ने केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन जल जीवन मिशन की समीक्षा के साथ मंत्रालय का कामकाज मंगलवार को संभाल लिया। पाटिल बिना कोई समय गंवाए पहले ही दिन से कामकाज में जुटे और उन्होंने मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं पर एक प्रजेंटेशन देखा जो लगभग डेढ़ घंटे तक चला।

जल जीवन मिशन का लक्ष्य सभी ग्रामीण घरों तक नल से जल की आपूर्ति सुनिश्चित करना है। अब तक इस मिशन के तहत लगभग 15 करोड़ घरों में जल उपलब्ध कराया जा चुका है, लेकिन अभी सवा चार करोड़ घरों को इस योजना के दायरे में लाना शेष है। इस मिशन को इस वर्ष पूरा हो जाना है, लेकिन वर्ष की शुरुआत में तेजी के बाद चुनाव के कारण प्रगति धीमी रही है। एक अधिकारी के अनुसार शेष छह महीने में ये कार्य मुश्किल है। इस वर्ष राज्यों ने इस मिशन में केवल 10 हजार करोड़ इस्तेमाल किए हैं।